(2)

पानीपत, रविवार 31 मार्च, 2019

मारकंडा नेशनल कॉलेज में पेटेंट को लेकर दी जानकारी

शाहाबाद | मारकंडा नेशनल कॉलेज में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ वैज्ञानिक डॉ. कुलदीप सिंह ढींढसा ने किया। प्राचार्य डॉ. अशोक चौधरी ने ढींढसा का स्वागत किया। डॉ. ढींढसा ने इंटलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स रिसर्च एक्टिविटीज से संबंधित कानून प्रयोग पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रथम टेक्निकल सत्र में वैज्ञानिक डॉ. राहुल तनेजा, हरियाणा काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, पंचकूला ने विद्यार्थियों को पेटेंट से संबंधित जानकारी दी। यू ट्यूब व अन्य वेबसाइट उनसे डाउनलोड मेटेरियल समाजसेवा के इस्तेमाल के लिए फायदेमंद भी है। इसके नुकसान भी हैं। मंच का संचालन डॉ. जवाहर लाल, प्रभारी, इंटरनल क्वालिटी इंश्योरेंस सेल ने विषय की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। इस मौके पर प्रो. हरपाल सैनी, मंजू गुप्ता, प्रो. साधना कोहली प्रो. एसएस काजल डॉ. चूहड़ सिंह, प्रो. सुरेश कुमार, डॉ. अमित कुमार, डॉ. तरुण कंसल, प्रो. भाविनी तेजपाल, प्रो. प्राची अरोड़ा, डॉ. दिव्या, भावना कंसल, ईशान, शशिकांत सहित स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।